Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 14-12-2005
Participants : Singh Shri Manvendra

>

Title : Regarding need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh with a view to solve drinking water problem in Mathura Parliamentary Constituency.

कुँवर मानवेन्द्र सिंह (मथुरा) : अध्यक्ष महोदय उत्तर प्रदेश के मथुरा संसदीय क्षेत्र में पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुयी है। यहां पर उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा जो पीने का पानी वितरित किया जाता है, वह एकदम खारा है एवं पीने योग्य नहीं है।

मथुरा एक पर्यटक स्थल है, यहां पर गोवर्द्धन पर्वत व अन्य स्थलों की परिक्रमा करने हेतु रोज अनेक पर्यटक आते हैं, परन्तु परिक्रमा स्थल पर भी कहीं पीने के पानी का इंतजाम नहीं है, और ग्रामीण क्षेत्रों में तो यह समस्या अत्यंत विकराल है। यहां पर ग्रामवासी कई कि0मी0 दूर से पीने का पानी लाते हैं। उत्तर प्रदेश जल निगम मथुरा को पीने का साफ पानी पिलाने में पूरी तरह से असफल रहा है, उसकी वित्तीय हालत अत्यंत खराब है, वह वित्तीय संकट से जूझ रहा है।

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि मथुरा में अंतर्राट्रीय पर्यटकों के आवागमन को देखते हुए , यहां पर पीने के पानी की व्यवस्था अतिशीघ्र करने की कृपा करें एवं उत्तर प्रदेश सरकार को इस प्रयोजन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने की कृपा करें।